**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वित्त समिति की दिनांक 15.02.2019 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में प्रातः 11.00 बजे सम्पन्न हुई 2019/1 (तेरहवीं) बैठक की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :–

1. प्रो0 श्री निवास सिंह — अध्यक्ष
कुलपति,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

2. डा0 सरोज कुमार, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, — सदस्य
प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

3 श्री जयराम सिंह, अपर निदेशक कोषागार एवं पेशन गोरखपुर मण्डल, — सदस्य
गोरखपुर। प्रतिनिधि प्रमुख सचिव (वित्त) वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश,
शासन, लखनऊ।

4. प्रो0 राम अचल सिंह, — सदस्य
पूर्व कुलपति राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय,
फैजाबाद।

5. प्रो0 यू0सी जायसवाल, — सदस्य
कुलसचिव,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

6. प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, — विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता परास्नातक,अध्ययन एवं शोध एवं बिकास
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

7. प्रो0 डी0के0 द्विवेदी, — विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता स्नातक, अध्ययन एवं उद्यमिता
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

8. प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव, — विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता नियोजन, श्रोतजनन एवं अल्युमिनायी सम्बन्ध
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

15.02.19

9. प्रो0 ए0एन तिवारी , विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता छात्र कल्याण मामले,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

10. श्री अमर सिंह, सदस्य/सचिव
वित्त नियंत्रक,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

प्रो0 डी0के0 सिंह,
अधिष्ठाता संकाय मामले, विशेष आमंत्रित सदस्य अपरिहार्य कारणवश वैठक में उपस्थित नही रहे।

**वित्त समिति की तेरहवीं बैठक की कार्यवृत्त निम्नवत् है।**

**13–01 वित्त समिति की दिनांक 28.11.2018 को सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक की कार्यवृत्ति पुष्टि का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि वित्त समिति की बारहवीं बैठक की कार्यवृत्त सभी सदस्यो को प्रेषित की गई थी, जिस पर मा0 सदस्यो द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नही कराई गई। अतः समिति द्वारा प्रस्तुत विवरण के अवलोकनोपरान्त वित्त समिति की बारहवी् बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**13–02 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बारहवीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति द्वारा वित्त समिति की बारहवी् बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुए सहमति व्यक्त की गयी।

**13–03 विश्वविद्यालय का वर्ष 2018–19 का पुनरीक्षित बजट प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त विश्वविद्यालय का वर्ष 2018–19 का पुनरीक्षित बजट रु. 4318.35 लाख एवं वर्ष 2019–20 का अनुमानित बजट प्रस्ताव रु. 5839.37 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

15.02.19

13–04 **<u>वित्त समिति की बारहवीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2019–20 का स्वीकृत अनुमानित बजट में संशोधन किये जाने का प्रस्ताव</u>**

विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 28.11.2018 को सम्पन्न हुई बैठक में निर्णयानुसार वित्तीय वर्ष 2019–20 का स्वीकृत अनुमानित बजट रु. 5275.25 लाख में संशोधन कर रु. 5839.37 लाख किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

समिति द्वारा उक्त संशोधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

13–05 **<u>परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में फोटो कापी मशीन, पेपर कटर मशीन क्रय का प्रस्ताव।</u>**

समिति द्वारा परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में फोटो कापी मशीन, पेपर कटर मशीन क्रय किये जाने के प्रस्ताव रु. 4.25 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

13–06 **<u>प्रयुक्त विज्ञान विभाग में साफ्टवेयर, कम्प्यूटर, ए.सी. लैब में उपकरण एवं फर्नीचर आदि के क्रय का प्रस्ताव।</u>**

समिति द्वारा प्रयुक्त विज्ञान विभाग में साफ्टवेयर, कम्प्यूटर, ए.सी. लैब में उपकरण एवं फर्नीचर क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 106.80 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

13–07 **<u>केमिकल इंजी0 विभाग के प्रयोगशालाओं में लगे एल.सी.डी. प्रोजेक्टर हेतु आवश्यक उपकरण प्रयोगशाला फर्नीचर एवं विभागीय पुस्तकालय के लिए पुस्तके आदि के क्रय का प्रस्ताव।</u>**

समिति द्वारा केमिकल इंजी0 विभाग के विभिन्न प्रयोगशालाओं में लगे एल.सी.डी. प्रोजेक्टर हेतु आवश्यक उपकरण प्रयोगशाला फर्नीचर एवं विभागीय पुस्तकालय के लिए पुस्तके आदि के क्रय किये जाने पर रु. 35.00 लाख के प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

13–08 **<u>विद्युत अभियंत्रण विभाग में विभागाध्यक्ष के कार्यालय हेतु एक प्रिन्टर, ए.सी., रिवाल्विंग चेयर आदि के क्रय का प्रस्ताव।</u>**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त विद्युत अभियंत्रण विभाग में विभागाध्यक्ष के कार्यालय हेतु एक प्रिन्टर, ए.सी., रिवाल्विंग चेयर आदि क्रय के प्रस्ताव पर रु. 2.30 लाख के सापेक्ष ए.सी. को छोडकर अन्य प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

15.02.19

13–09 **विश्वविद्यालय में छात्र/छात्राओं के हितार्थ गम्भीर बीमारी के इलाज/आपरेशन की स्थिति में अधिकतम रु. 50000.00 एवं मृत्यु के दशा में रु. 100000.00 की आर्थिक सहायता दिये जाने का प्रस्ताव।**

समिति समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में छात्र–छात्राओं के हितार्थ विभिन्न गम्भीर आपदाओं तथा गम्भीर बीमारी के इलाज/आपरेशन तथा शिक्षा में बाधा की स्थिति में अधिकतम रु. 50000.00 तक प्रति छात्र की सहायता सम्बन्धित छात्रों को तथा आकस्मिक मृत्यु की दशा में सम्यक विचारोपरान्त अधिकतम रु. 100000.00 तक की आर्थिक सहायता सम्बन्धित छात्र के माता–पिता को दी जा सकती है। किसी भी स्थिति में प्रति वर्ष स्टूडेन्ट वेलफेयर मद में प्राप्त कुल राशि 400.00 प्रति छात्र की दर से प्राप्त कुल फीस से अधिक राशि की सहायता नहीं दी जायेगी। तथा छात्र के चयन एवं सहायता राशि प्रस्तावित करने के लिये मा0 कुलपति महोदय द्वारा समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

**उक्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचारोपरान्त अनुमोदन** प्रदान किया गया।

उक्त धनराशि स्टूडेन्ट वेलफेयर मद से वहन किया जायेगा।

13–10 **विश्वविद्यालय के आगामी सत्र 2019–20 के लिए फीस स्ट्रक्चर में विभिन्न परिवर्तनों के फलस्वरुप हास्टलर की फिस में मात्र रु. 200.00 की बृद्वि का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के आगामी सत्र 2019–20 के लिए फीस स्ट्रक्चर में विभिन्न परिवर्तनों के फलस्वरुप हास्टलर की फीस में मात्र रु. 200.00 की बृद्वि पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

13–11 **कम्प्यूटर सांइस एण्ड इन्जीनियरिंग विभाग के प्रयोगशालाओं में Networking को उच्चीकरण ए.सी., फैन आदि के कय का प्रस्ताव।**

**समिति द्वारा कम्प्यूटर सांइस एण्ड इन्जीनियरिंग** विभाग के प्रयोगशालाओं में Networking **को उच्चीकरण ए.सी., फैन आदि के कय** किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 11.00 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

13–12 **विद्युत कण अभियंत्रण विभाग में प्रयोगशालाओं के डेबलपमेन्ट एवं Networking के कार्यो को कराये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विद्युत कण अभियंत्रण विभाग में प्रयोगशालाओं के डेबलपमेन्ट एवं Networking के कार्यो को कराये जाने के प्रस्ताव पर रु. 120.29 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

15.02.19

13–13 **यांत्रिक अभियंत्रण विभाग में फोटो कापी मशीन, कम्प्यूटर एवं नये लैब के प्रयोग हेतु मशीनो के कय तथा Networking किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा यांत्रिक अभियंत्रण विभाग में फोटो कापी मशीन, कम्प्यूटर एवं नये लैब के प्रयोग हेतु मशीनो के कय तथा Networking किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 82.66 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

13–14 **बकाया सम्परीक्षा शुल्क प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 30 लाख से बढ़ाकर 50 लाख जमा किये जाने का प्रस्ताव।**

चुकि शासन द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर 2018 से सम्परीक्षा शुल्क समाप्त किये जाने का निर्णय लिया जा चुका है।

अतः समिति द्वारा बकाया सम्परीक्षा शुल्क माफ किये जाने विषयक पत्र शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। अवशेष सम्परीक्षा शुल्क वित्तीय वर्ष 2018–19 में 30 लाख मात्र जमा किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। शेष अवशेष धनराशि रु. 12583800.52 के भुगतान के सम्बन्ध में शासन से मार्ग दर्सन प्राप्त होने के उपरान्त कार्यवाही किये जाने पर समिति ने सहमति व्यक्त की।

13–15 **निर्माण एवं रख–रखाव अनुभाग से 240 क्षमता पुरुष छात्रावास, 30 अद्द टाईप–III आवासो का निर्माण का कार्य, सड़को का सुदृढ़ीकरण चौडीकरण पटरी विकास कार्य, एवं छात्रावासों की रंगाई–पुताई जीर्णोद्वार का कार्य किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि निर्माण एवं रख–रखाव अनुभाग से 240 क्षमता पुरुष छात्रावास, 30 अद्द टाईप–III आवासो का निर्माण का कार्य, सड़को का सुदृढ़ीकरण चौडीकरण पटरी विकास कार्य, एवं छात्रावासों की रंगाई–पुताई जीर्णोद्वार का कार्य किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत प्रस्ताव के सापेक्ष आगणन पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

13–16 **केन्द्रीय शोध परियोजनाओं में कार्यरत प्रोजेक्ट फेलो एवं UGC/CSIR की JRF की स्कालरशिप में की गयी वृद्धि के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में रिसर्च कम टिचिंग फेलो के रूप में कार्य कर रहें शोधार्थियों को दिये जा रहे स्कालरशिप रू0–22,000 प्रति माह के स्थान पर रू0–25,000 प्रति माह स्कालरशिप दिये जाने का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि केन्द्रीय शोध परियोजनाओं में कार्यरत प्रोजेक्ट फेलो एवं UGC/CSIR की JRF की स्कालरशिप में की गयी वृद्धि के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में रिसर्च कम टिचिंग फेलो के रूप में कार्य कर रहें शोधार्थियों को दिये जा रहे स्कालरशिप रू0–22,000 प्रति माह के स्थान पर रू0–25,000 प्रति माह स्कालरशिप वित्तीय वर्ष 2019–20 से दिये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

15.02.19

पूरक कार्यसूची :–

13–17 **एoकेoटीoयूo के दीन दयाल गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम अन्तर्गत विश्वविद्यालय Renovation of workshop building including construction of one boys and one Girls toilet blocks in workshop कार्य की कार्यदायी संस्था के नामांकन के संबंध में।**

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था नामित करने हेतु "उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद" व "उत्तर प्रदेश लोकनिर्माण विभाग" दोनो का नाम संस्तुत कर दिया जाय, जिससे इनमे से किसी एक को एoकेoटीoयूo द्वारा कार्यदायी संस्था नामित किया जा सके इस आशय का पत्र एoकेoटीoयू को प्रेषित किया जाय।

13–18 **प्रवेश परीक्षा 2019 हेतु विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों का पारिश्रमिक एवं परीक्षा प्रश्न पत्र से सम्बन्धित गोपनीय कार्य हेतु भुगतान किये जाने वाले पूर्व के दरो में आशिक संशोधन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रवेश परीक्षा 2019 हेतु प्रस्तावित आंशिक संशोधन की दरे संलग्नक A-1एवं A-2 के अनुसार दिये जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक अन्त मे, अध्यक्ष महोदय को धन्यबाद सहित समाप्त हुई।

15.02.19

(श्री अमर सिंह)
वित्त नियंत्रक
सदस्य/सचिव

अनुमोदित

15.02.19

(प्रो0 श्रीनिवास सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष